NCC

# सब रंग

प्रस्तुति-डॉ. संजय तेलंग

## नशे के खिलाफ उतरेंगे कॉलेज के विद्यार्थी



XPOSE रिपोर्टर

नशा मुक्ति और इसके लिए जागरूकता के लिए युवाओं को सेवारत किया जा रहा है। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर में विद्यार्थियों के लिए इस संबंध में सम्मेलन हो गई। उन्हें बताया कि नशा करने वाले व्यक्ति स्वयं के साथ परिवार और समाज का भी विनाश करता है। यहां अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। इस मौके पर हुई कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। यहां विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। मेजर (डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि मादक पदार्थों से जनता समाज गंभीर समस्या स्थानस्थ की है। इसके साथ यह दूसरी समस्याओं का भी कारण बनता है। कार्यशाला में डॉ. राकेश सक्सेना ने कहा मादक द्रव्य का दुरुपयोग एक विकट समस्या है जो देश के भौतिक, सामाजिक, आर्थिक दशा को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन के तनाव और परेशानियों ने व्यक्तियों को मादक द्रव्य का आदी बना दिया है। इसमें विद्यार्थी के माध्यम से जागरूकता लाना जरूरी है। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

बनेजीर कॉलेज में घर-घर तिरंगा फहराने की शपथ लेते स्टूडेंट और टीचर्स।

## पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक जो विघटित नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरूवार को शासकीय बेनजीर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया, जिसमें वाणिज्य के छात्र छात्राओं को पॉलीथीन से होने वाले नुकसान व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जाग्रत किया गया। इस अवसर पर मेजर (डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लम्बे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बन कर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। डॉ. एसके सक्सेना ने कहा कि पॉलीथीन के द्वारा उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या का निवारण आज समय की मांग है। डॉ. राकेश सक्सेना के अनुसार पॉलीथीन स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के रास्ते में बाधक है। वहीं डॉ. सारस्वत पटेल ने कहा कि कई साल वर्ष में पानी का इकट्ठा होना महिलाओं व पशुओं लक्षण में मौजूद पॉलीथीन के आरोप के कारण होता है।

- बेनजीर कॉलेज में पॉलीथीन पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए जागरूकता कार्यक्रम

## लंबी कतार बनाकर लिया नदी बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को बेनजीर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के द्वारा 'नदी जागरूकता अभियान' का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं नदी को जल प्रदूषण से बचाव एवं हरियाली के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में हाथ उठाकर नदियों को बचाने के लिए प्रतिबद्धता एवं नदी जागरूकता अभियान के समर्थन का संकल्प भी लिया।

**बेनजीर कॉलेज में 'नदी जागरूकता अभियान'**

### मिस्ड कॉल देकर दिया समर्थन

प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला द्वारा सभी पर कविता का पाठ एवं वेल की जीवनदायिनी नदियों के बचाव हेतु व्याख्यान भी दिया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. अशेष प्रसाद यादव ने नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के विभिन्न तरीकों का विस्तृत उल्लेख किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सारस्वत पटेल ने विभिन्न नदियों के वनस्पति जगत, जन्तु जगत एवं मानव समाज के जीवन में उनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार उल्लेख करते हुए कहा कि नदियों के संरक्षण को वर्तमान समय में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## चार नाटकों से दिया समाज को मैसेज

XPOSE PLUS रिपोर्टर

भोपाल ● बेनजीर कॉलेज में गुरुवार को मूक अभिनय का शुभारंभ हुआ। इसमें स्थानीय मैदान पर नाटक खेले गए। 'लालच बुरी बला' में रोहित बसेरिया एवं साथी ने धन के ज्यादा लालच में लोगों को होने वाले धोखे का प्रदर्शन किया। सोनू रजक एवं साथी के एकांकी 'भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी' में आधुनिक विद्यार्थियों को शिक्षा माफियाओं द्वारा दिए जाने वाले दर्द व शोषण की दिखाया। विक्रम सूर्या एवं साथियों ने 'आज के युवा को ये क्या हुआ है' ये मूक को किसी भी परिस्थिति में आत्महत्या न करने की समझाईश दी। रवि चौहान एवं साथी ने नाटक 'टायलेट एक प्रेम प्रथा पार्ट-2' में देश में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेषकर गांवों में शौचालय निर्माण करने का संदेश दिया गया। अंत में नाटक 'भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी' ने बाजी मारी और प्रथम स्थान हासिल किया। मंचन (मूक अभिनय) में विद्यार्थियों ने युवाओं के मानसिक विकास के प्रति जागरूकता, मोबाइल की ज्यादा लत व नशे की बुरी आदत आदि के संबंध में मूक अभिनय द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। युवा उत्सव के अंतिम होने के पूर्व महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया।

**शिक्षकों का सम्मानित**

कार्यालय की मुहिमान में विभाग व्यवसाय स्नातकोत्तर डॉ. अजय कुमार के द्वारा उपस्थित डॉ. राजेश सिंह कानून को अपने विभाग के रूप में सम्मानित किया।

बेनजीर कॉलेज

## नाटकों से दिए संदेश

● अलगाव सिटी रिपोर्टर ●

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर में महाविद्यालयीन युवा उत्सव में विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता हुई। इन विधाओं में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। बुधवार को रंगमंच में प्रदर्शित किए गए चार नाटकों में बड़ी प्रतिस्पर्धा रही। ''लालच बुरी बला'' में रोहित बसेरिया एवं साथी ने धन के ज्यादा लालच में लोगों को होने वाले धोखे का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार सोनू रजक एवं साथी के एकांकी ''भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी'' में आधुनिक विद्यार्थियों को शिक्षा माफियाओं के द्वारा दिये जाने वाले दर्द व शोषण का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार विक्रम सूर्या एवं साथी का नाटक ''आज के युवा को ये क्या हुआ है'', आत्महत्या पर केन्द्रित था, जिसमें युवा को किसी भी परिस्थिति में आत्महत्या न करने की समझाइश दी गई। रवि चौहान एवं साथी का नाटक ''टायलेट एक प्रेम प्रथा पार्ट-2'' में देश में चल रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेषकर गांवों में शौचालय निर्माण करने का संदेश दिया गया। अंत में सोनू रजक एवं साथी का नाटक ''भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी'' ने बाजी मारी व प्रथम स्थान हासिल किया। मूक अभिनय में विद्यार्थियों ने युवाओं के मानसिक विकास के प्रति जागरूकता, मोबाइल की ज्यादा लत व नशे की बुरी आदत आदि के संबंध में मूक अभिनय द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## बेनजीर कॉलेज में युवा उत्सव का शुभारंभ

भोपाल। बेनजीर कॉलेज में कॉलेज स्तरीय युवा उत्सव का बुधवार को शुभारंभ हुआ इस दौरान मूक अभिनय और नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। आठ सितंबर तक चलने वाले इस युवा उत्सव में विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। इन विधाओं में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। बुधवार को रंगमंच में प्रदर्शित किए गए चार नाटकों में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। लालच बुरी बला में रोहित बसेरिया एवं साथी ने धन के ज्यादा लालच में लोगों को होने वाले धोखे का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार सोनू रजक एवं साथी के एकांकी भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी में आधुनिक विद्यार्थियों को शिक्षा माफियाओं के द्वारा दिए जाने वाले दर्द व शोषण का प्रदर्शन किया गया। अंत में सोनू रजक एवं साथी का नाटक 'भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी' ने बाजी मारी और प्रथम स्थान हासिल किया।

## मूक अभिनय से किया जागरूक

बेनजीर कॉलेज में युवा उत्सव के अंतर्गत चार नाटकों में स्पर्धा का आयोजन किया गया। 'लालच बुरी बला' में रोहित बसेरिया एवं साथी ने धन के ज्यादा लालच में लोगों को होने वाले धोखे का प्रदर्शन किया, सोनू रजक एवं साथी के एकांकी 'भ्रष्टाचार एवं आधुनिक विद्यार्थी' में आधुनिक विद्यार्थियों को शिक्षा माफियाओं के द्वारा दिए जाने वाले दर्द व शोषण का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार विक्रम सूर्या एवं साथी का नाटक 'आज के युवा को ये क्या हुआ है', आत्महत्या पर केन्द्रित था, जिसमें युवाओं को किसी भी परिस्थिति में आत्महत्या न करने की समझाइश दी गई। रवि चैहान एवं साथी का नाटक 'टायलेट एक प्रेम प्रथा पार्ट-2' में देश में चल रहे स्वच्छता अभियान के के बारे में जागरुक किया गया।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

भोपाल.1 अगस्त. मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के परिपालन में शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनज़ीर भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के तत्वावधान में 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ हुआ. इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा

## लोकतंत्र में प्रसार माध्यमों का गहरा प्रभाव

न्यूज रिपोर्टर ● भोपाल
मोबाइल नं. 8989210501

बेनजीर कॉलेज में चल रहे युवा उत्सव में शुक्रवार को अंतिम दिन एकल गायन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रश्न मंच रंगोली प्रतियोगिता, क्ले-मॉडलिंग प्रतियोगिता हुई। एकल गायन में विक्रम सिंह प्रथम एवं अमृता द्विवेदी द्वितीय रहे। 'सदन की राय में विकास और आधुनिकता की दौड़ में भारतीय सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है' इस विषय पर आयोजित 'वाद-विवाद' प्रतियोगिता में पक्ष में लक्ष्मण कुशवाह विजेता एवं सचिन साहू उपविजेता रहे। विपक्ष में श्रीराम कुशवाह प्रथम व देवेंद्र सिंह परिहार द्वितीय रहे। 'लोकतंत्र में प्रचार प्रसार माध्यमों की भूमिका' विषय पर वक्ता में प्रशांत रघुवंशी प्रथम एवं श्रीराम कुशवाह द्वितीय रहे। प्रश्नमंच में नीरज कुमार लोधी प्रथम, प्रवीण कुमार मिश्रा द्वितीय, दिलीप कुमार त्रिपाठी तृतीय रहे। फ्रंटलिंग प्रतियोगिता में प्रथम रवि कुमार चौहान, रंगोली में दिव्यानी मिश्रा, क्ले-मॉडलिंग में रवि कुमार चौहान प्रथम रहे। इसके अवसान पर प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला और डॉ. संजय तेलंग ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया।

## प्रतियोगिता में झलके कलाओं के विविध रंग

बेनजीर कॉलेज में युवा उत्सव का समापन

भोपाल। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर में चल रहे युवा उत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को संगीत, साहित्य व ललित कला की विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एकल गायन, वाद-विवाद, क्लाइज़ मॉडलिंग और क्ले-मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट ने अद्भुत कला दिखा दिया और अपने टैलेंट के दम पर प्रथम व द्वितीय स्थान अर्जित किया। उत्सव के अवसान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के उपस्थिति के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में युवा उत्सव के संयोजक डॉ. संजय तेलंग ने सभी का आभार माना।

## बेनजीर कॉलेज में भी डांस, म्यूजिक कॉम्पीटिशन

भोपाल ● बेनजीर कॉलेज में चल रहे युवा उत्सव के अंतिम दिन संगीत, साहित्य व ललित कला की विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एकल गायन में विक्रम सिंह प्रथम एवं अमृता द्विवेदी द्वितीय स्थान पर रहे। 'सदन की राय में विकास और आधुनिकता की दौड़ में भारतीय सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हुआ है' विषय पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में लक्ष्मण कुशवाह विजेता एवं सचिन साहू उपविजेता रहे। विपक्ष में श्रीराम कुशवाह प्रथम व देवेन्द्र सिंह परिहार द्वितीय स्थान पर रहे। 'लोकतंत्र में प्रचार प्रसार माध्यमों की भूमिका' विषय पर आयोजित 'वक्तृता' में प्रशांत रघुवंशी प्रथम एवं श्रीराम कुशवाह द्वितीय स्थान पर रहे।

## प्रोजेक्शन स्क्रीन पर विद्यार्थियों ने देखा प्रधानमंत्री का संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बेनजीर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष एवं स्वामी विवेकानंद के शिकागो उद्बोधन के 125 वर्ष के अवसर पर युवा भारत, नया भारत ऊर्जावान राष्ट्र संकल्प से सिद्धी की ओर अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में दिए गए संबोधन के सीधे प्रसारण को प्रोजेक्शन स्क्रीन पर महाविद्यालय के स्टॉफ व छात्र छात्राओं ने उत्साह से देखा व सुना। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, डॉ. गणेश प्रसाद यादव, डॉ. असद अली, डॉ. संजय तेलंग सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



जहाँ प्रेम है, वहीं ईश्वर है। - गुरू नानक देव